बी.एच.डी.ई.-101/ई.एच.डी.-1

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2022

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

बी.एच.डी.ई.-101/ई.एच.डी.-1 : हिन्दी गद्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **प्रथम** प्रश्न **अनिवार्य** है ।*

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं ***तीन*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) अब दोनों जाते हैं । मेरे भाग । तुम्हें याद है, एक दिन ताँगे वाले का घोड़ा दही वाले की दुकान के पास बिगड़ गया था । तुमने उस दिन मेरे प्राण बचाये थे । आप घोड़ों की लातों में चले गए थे, और मुझे उठाकर दुकान के तख्ते पर खड़ा कर दिया था । ऐसे ही इन दोनों को बचाना, यह मेरी भिक्षा है । तुम्हारे आगे मैं आँचल पसारती हूँ ।

(ख) विचित्र स्वभाव की औरत है, मालूम ही नहीं होता कि क्या चाहती है । मैं जानता कि उसका ऐसा मिज़ाज होगा तो कभी शादी न करता । रोज एक-न-एक बात को लेकर उठ खड़ी होती है । उसने मुझसे कहा था कि वह दिनभर जाने कहाँ गायब रहता है, मैं उसके दिल की बात क्या जानता था ? समझा तुम कुसंगत में पड़कर शायद दिनभर घूमा करते हो । कौन ऐसा पिता है, जिसने अपने पुत्र को आवारा फिरते देखकर रोका न हो ? इसीलिए मैंने तुम्हें बोर्डिंग हाउस में रखने का निश्चय किया था ।

(ग) सारे जतन करके हार गई । तुम्हीं ने उसे पढ़ा-लिखाकर इतना सिर चढ़ा रखा है । मेरी समझ में तो ये पढ़ाई-लिखाई के जंजाल आते नहीं । अपना जमाना अच्छा था । 'आ', 'ई' पढ़ ली, गिनती सीख ली और बहुत हुआ तो 'स्त्री-सुबोधिनी' पढ़ ली । सच पूछो तो 'स्त्री-सुबोधिनी' में ऐसी-ऐसी बातें लिखी हैं – ऐसी बातें कि क्या तुम्हारे बी.ए., एम.ए. की पढ़ाई में होगी ।

(घ) तुम्हारी प्रवंचनाओं ने जिस नरक की सृष्टि की है उसका अंत समीप है । वह साम्राज्य किसका है ? आर्य समुद्रगुप्त ने किसे युवराज बनाया था ? चंद्रगुप्त को या इस क्लीव रामगुप्त को जिसने छल और बल से विवाह करके भी इस नारी को अन्य पुरुष की अनुरागिनी बताकर दंड देने के लिए आज्ञा दी है ।

(ङ) वत्स, तू परीक्षा में खरा उतरा । बोल, तुझे क्या चाहिए ? हम वर देने के 'मूड' में हैं । बोल, हिन्दी साहित्य के इतिहास में तेरे ऊपर एक अध्याय लिखवा दूँ ? या कहे तो, किसी समीक्षक को तेरे घर में पानी भरने की ड्यूटी लगा दूँ ?

2. हिन्दी गद्य की विकास परंपरा पर प्रकाश डालिए । *16*

3. 'शतरंज के खिलाड़ी' **अथवा** 'वापसी' कहानी की कथावस्तु का विवेचन कीजिए । *16*

4. अनमेल विवाह की समस्या के परिप्रेक्ष्य में 'निर्मला' उपन्यास की विशेषताएँ बताइए । *16*

5. हिन्दी कथा साहित्य के विकास में प्रेमचंद के योगदान का उल्लेख कीजिए । *16*

6. एकांकी नाटक के तत्त्वों के आधार पर 'कौमुदी महोत्सव' का मूल्यांकन कीजिए । *16*

7. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के आधार पर ध्रुवस्वामिनी का चरित्र-चित्रण कीजिए । *16*

8. संस्मरण विधा के आधार पर फणीश्वरनाथ रेणु द्वारा लिखित संस्मरण 'त्रिलोचन' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । *16*

9. हिन्दी निबंध परंपरा का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए । *16*

10. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *2×8=16*

(क) 'ठेस' कहानी का प्रतिपाद्य

(ख) 'घीसा' की पटकथा

(ग) 'ध्रुवस्वामिनी' की भाषा

(घ) श्रव्य काव्य और दृश्य काव्य